देवनानी ने किया बोराज में 2.23 करोड़ की पानी की टंकी का शिलान्यास

अजमेर उत्तर होगा पेयजल में आत्मनिर्भर : देवनानी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आने वाले कुछ समय में अजमेर उत्तर पेयजल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। क्षेत्र में 300 करोड़ से अधिक राशि से पेयजल विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। नसीराबाद से नौसर तक पाइप लाइन, 3 बडे सर्विस रिजर्वायर, फॉयसागर से जलापूर्त्ति, नई पानी की टंकी, बीसलपुर में इनटेक वैल सहित अन्य विकास कार्य शहर की जलापूर्ति के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को बोराज के रावत नगर में 2.23 करोड़ की लागत से बनने वाली पानी की टंकी एवं पाइप लाइन के कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रावासियों की लम्बे समय से मांग थी। पानी की टंकी बनने से पचास हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होगा।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बोराज के रावत नगर में 2.23 करोड़ की लागत से बनने वाली पानी की टंकी एवं पाइप लाइन के कार्य का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कहा कि राज्य बजट घोषणा में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा के लिए नसीराबाद से नौसल तक पाइप लाइन, कोटड़ा, लोहागल एवं पृथ्वीराज नगर में क्षेत्रा में एस.आर. टैंक व अन्य घोषणाएं की गई हैं। इन घोषणाओं के पूरा होते ही अजमेर उत्तर पानी के क्षेत्रा में आत्मनिर्भर हो जाएगा। अनियमित जलापूर्ति, कम प्रेशर से आपूर्ति व अन्य समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। इन योजनाओं पर शीघ्र डीपीआर बना कर काम शुरू किया जाएगा।

देवनानी ने कहा कि अजमेर जिले को जलापूर्ति के लिए बीसलपुर बांध क्षेत्रा में बनने वाला इनटेक वैल भी बहुत फायदेमंद साबित होगा। अजमेर के लिए यह इनटेक वैल बड़ी राहत लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि शहर को अंतिम छोर तक पूरे प्रेशर से पानी मिल सकेगा। इसी तरह थड़ोली से केकड़ी के मध्य भांसू गांव के समीप पाइप लाईन का कार्य-24.81 करोड़ रूपए की लागत से करवाया जाएगा। थड़ोली, केकड़ी, गोयला एवं नसीराबाद पम्प हाउस को डबल फीडर से जोड़कर बर्स्ट ट्रांसफर सिस्टम लगाने का कार्य 5 करोड़ 60 लाख रूपए से होगा। इससे ट्रिपिंग की समस्या समाप्त होगी। गोयला से नसीराबाद के मध्य पाइप लाइन का कार्य 34 करोड़ 95 लाख रूपए की लागत से करवाया जाएगा।

देवनानी ने कहा कि अजमेर जिला

- **50 हजार से ज्यादा आबादी को होगा फायदा**

में आने वाले कुछ समय में पेजयल क्रांति का साक्षी बनने जा रहा है। राज्य सरकार की सबसे महत्पूर्ण ईआरसीपी योजना से अजमेर को भी जोड़ा जा रहा है। इसके चम्बल व काली सिन्ध नदियों का पानी बीसलपुर होते हुए मुहामी के मोर तालाब तक लाया जाएगा। यहां 2 साल तक का पानी स्टोर रहेगा। बांध की क्षमता बढाकर अजमेर की पेयजल आवश्यकता की भविष्य में पूर्ति किया जाना संभव होगा एवं उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार अजमेर के अन्य जलाशयों में जल उपलब्ध करवाना संभव होगा।उन्होंने कहा कि फॉयसागर से जलपूत्ति शुरू की गई है। इस अवसर पर सरपंच लाल सिंह रावत, तारा रावत, सीताराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रावासी उपस्थित रहे।

2 से 31 अक्टूबर तक अभियान 4.0 चलाया जायेगा

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल में 2 से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 4.0 चलाया जायेगा, यह अभियान चिन्हित स्थानों की साफ सफाई व सौर्दंयकरण, स्क्रेप प्रबंधन तथा अलग अलग क्षेत्रों में विभिन्न कार्यो का निस्तारण जैसे कार्य करने का अभियान है।

हाल ही में अजमेर मंडल में स्पेशल कैंपेन 4.0 के प्रारम्भिक चरण की शुरूआत की है। अजमेर मंडल द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक विशेष अभियान 4.0 प्रारम्भिक चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अजमेर मंडल में विभिन्न तैयारियाँ की जा रही है जिन्हें 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक विशेष अभियान 4.0 के दूसरें चरण के दौरान कार्यान्वित किया जायेगा। जिसमें अजमेर मंडल द्वारा साफ सफाई करने हेतु विशेष स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त स्क्रेप व बडी संख्या में पुरानी फाईलों का निस्तारिकरण, कार्य स्थल कि साफ सफाई, रिर्कोड मेनेजमेंट इत्यादि कार्य करने कि योजना है। अजमेर मंडल में सभी रेलवे स्टेशन व ऑफिसों पर विशेष अभियान 4.0 के प्रारम्भिक चरण कि शुरूआत कि गई है।

सार-समाचार

स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

अजमेर, (कासं)। विश्व हृदय दिवस पर लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा वैशालीनगर स्थित शहीद भगतसिंह उद्यान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सेहत के प्रति सतर्कता बरतने का आव्हान किया गया। शिविर संयोजक एवम महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम मधुमेह स्वास्थ्य चेतना के तहत शिविर में आमजन की डायबिटीज चेक कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न जांच से 118 व्यक्ति ने लाभ उठाया। लायन आशीष सारस्वत ने बताया कि शिविर में श्रद्धा हेल्थ केयर की अनुभवी टीम का सहयोग रहा, जिसमे नरेंद्र एवम सुरजीत शामिल थे। शिविर में ब्लड प्रेशर एवम कोलोस्ट्राल की भी जांच की गई। इस दौरान लायन राजेंद्र गांधी, लायन प्रदीप बंसल, लायन अंशुल बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

मिताली का राज्य स्तरीय पर चयन

परबतसर, (निस)। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल परबतसर में अध्ययनरत गुढा मकराना निवासी मिताली चौधरी पुत्री श्री उम्मेदाराम चौधरी का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिय चयन हुआ है। पीएम श्री महात्मा गॉधी राजकीय विधालय बोरावड़ मकराना जिला डीडवाना कुचामन में आयोजित 68वीं 17 वर्ष आयु वर्ग की जिला स्तरीय क्रिकेट में मिताली चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैजिस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मिताली चौधरी का चयन 68वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिय चयन किया गया है। मिताली चौधरी अब राजसमंद में 4 अक्टुबर से 10 अक्टुबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

मुआवजा की मांग की

मसूदा, (निसं.)। रविवार को रामगढ़ में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी से विभिन्न क्षेत्रों के किसानों ने बताया कि अजमेर लोकसभा क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा से हुए ख़राबे से आहात किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है। इसी को लेकर चौधरी से मांग कर कहा कि तत्काल गिरदावरी करवाकर अधिक से अधिक मुआवाजा दिलाकर राहत दिलवाएं इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों केकिसानों के साथ मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा, कैलाश लाम्बा, कैलाश बहादुरपुरा निलेश सहित सैकड़ों किसान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिविर का आयोजन

अजमेर, (कासं)। फाइन फाउंडेशन की ओर से विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन रविवार को किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में जरूरतमंद लोगों ने लाभ उठाया शिविर में जांच के साथ.साथ दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई।

सिंधी भाषा व संस्कृति सीखने की कक्षाओ का उद्घाटन

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की ओर से भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की देखरेख में 1 अक्टूबर से सिंधी भाषा व संस्कृति सीखने की कक्षाएं प्रारंभ हो रही है जिनका विधिवत् उद्घाटन आज श्री झूलेलाल सेवा मंडली के सहयोग से झुलेलाल मंदिर वैशाली नगर अजमेर में किया गया।

- **सिंधी भाषा व संस्कृति सीखने की कक्षाओ का विधिवत उद्घाटन आज श्री झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर में किया गया**

महासचिवजेसवनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर अध्यक्ष प्रकाश जेठरा, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तिर्थानी, वैशाली सिंधी सेवा समिति के अध्यक्ष जी डी वृंदानी, सिंधी बोली विकास समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश मंघाणी, सुपरवाइजर खूबचंद भागचंदानी द्वारा इष्टदेव झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अब तक जो बच्चे सिंधी केवल बाल संस्कार शिविर में सीखते थे अब वे बच्चे नियमित आधार पर सिंधी सीखेंगे। इन बच्चों को सिंधी पुस्तके वितरित की गई। इस अवसर पर किशन केवलानी, खुशीराम इसरानी, शंकर टिलवानी, हरि केवलानी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दो दिवसीय बाल मंच कार्यशाला का समापन

मसूदा, (निसं.)। नॉलेज हट परियोजना के अंतर्गत दिशा समाजसेवी संस्था द्वारा मसूदा ब्लॉक में चयनित 25 राजकीय विद्यालय में पुस्तकालय का संचालन किया रहा है। 27 व 28 सितम्बर को दो चरणों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय तख्तपुरा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलतपुरा-।।। में प्रशिक्षक नरेंद्र वैष्णव द्वारा बाल मंच कार्यशाला का आयोजन कर बालमंच सदस्यों को पुस्तकालय का सफल संचालन में सहयोग, एवं व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी देकर पुस्तकालय के प्रति एवं प्रबंधन पर समझ बनाने का प्रयास किया गया। इस दौरान नॉलेजहट परियोजना अधिकारी द्वारा पुस्तकों से कहानियों के महत्व के बारे में बताया।

सांप्रदायिक घटनाओं पर अंकुश शांति समिति की बैठक

मसूदा, (निसं.)। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मसूदा थाना परिसर में बैठक कर सांप्रदायिक सौहार्द पर चर्चा की बैठक कोउप पुलिस अधीक्षक सज्जन सिंह ,थामा अधिकारी गणपत राम व मसूदा तहसीलदार संतोष कुमार की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।उपपुलिस अधीक्षक सज्जन सिंह ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने से प्रत्येक नागरिकों को राहत मिलती है।

अधिकांशतय बच्चों को युवाओं की मामूली कहां सनी सांप्रदायिक रूप लेती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि बच्चे एवं युवाओं पर अंकुश रखें और किसी भी प्रकार का

- **आगामी त्यौहारों को लेकर चर्चा की गई हर त्यौहार भाईचारे के साथ मनाया जाए यातायात व्यवस्था पर वार्ता की गई**

विवाद होने पर तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचित करें ताकि विवाद बढ़ने से पूर्व उसे रोका जा सके। आगामी त्यौहारों को लेकर चर्चा की गई हर त्यौहार भाईचारे के साथ मनाया जाए यातायात व्यवस्था पर वार्ता की गई जल्द ही स्टेट हाईवे निर्माण कार्य पूर्ण होने पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से कर दी जाएगी और यातायात व्यवस्था के लिए एक कांस्टेबल की मसूदा राव सर्किल पर तैनात किया जाएगा जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो।

शांति समिति की बैठक में कई मुद्दों पर सदस्यों एवं अधिकारियों ने वार्ता की ओर कहा कि हर व्यक्ति को हेलमेट पहने एवं अपनी सुरक्षा खुद रखकर दुर्घटनाओं से बचा जा सके। त्योहारों के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य के साथ ही यातायात व्यवस्था आदि को लेकर बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह ने उपस्थित सदस्यों से समूचे थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों से सुझाव लिए। शांति समिति की बैठक में अधिकारियों व सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने किया निरीक्षण

पुष्कर, (निसं.)। पुष्कर में रविवार को नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने रविवार की शाम को पुष्कर थाने का निरीक्षण किया पुष्कर थाने पर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें गॉड आफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने पुष्कर थाने का निरीक्षण करने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक कुमार शर्मा सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी और सीआई राकेश यादव के साथ बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि रविवार को पूरी टीम के साथ पुष्कर थाने का निरीक्षण कर लोकल समस्या का समाधान कैसे किया जाए उसके बारे में चर्चा की गई उन्होंने कहा कि पुष्कर देवनगरी है यहां पर काफी पर्यटक आते हैं उनकी सुरक्षा कैसे की जाए उसके बारे में भी चर्चा की इसके अलावा उन्होंने बताएं कि जो नशे की समस्या बार-बार उभरकर कर आती है उस समस्या के लिए क्या रणनीति बना सके इसके बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने इजराइलियों के धर्म स्थल बेखबाद का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इसराइल का धर्मस्थलस आतंकवादियों के निशाने पर रहा है। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक चार्ज लेने यहां का निरीक्षण करते है। उन्होंने कहा कि बेखबाद की सुरक्षा व्यवस्था काफी सही है और विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा तथा इस दौरान विदेशी पर्यटकों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वह काफी सुरक्षित है और काफी अच्छा लग रहा है उन्हें किसी प्रकार का कोई डर और खतरा नहीं है उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी सीआई राकेश यादव सीआईडी विभाग से शक्ति सिंह राठौड़ मौजूद थे।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
[आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी]
(Govt. Procedure Code Appendix 'B' Form No. 2)
श्रीमान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश अज अदालत नसीराबाद
इब्राहीम बनाम रामा व अन्य
मदह ....मुदायला..........दावा बाबत..........
मुकदमा नं. 76 सन् 2018 बनाम श्रीमती सीमा
मुसम्मी.....W/o फकरूद्दीन कौम चीता साकीन नई मस्जिद रातीडांग परगना अजमेर चूंकि प्रार्थी ने अदालत में तारीख ... माह....सन....को एक 1 बनाम 3....को जो बाद फौत हो गया और चूंकि ...मजकूर ने दरख्वास्त अदालत हाजा में जाहिर करके की है कि आप मुतबफ्फी.....और मजकूर को कायम मुकाम जायज हो और इल्मजा की है कि बजाय उसके आप 2...बनाये जाओ। जाहिर वजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.....आपको तारीख 01/10/24 माह 10 सन् 24 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकरर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 03/09/24 को जारी किया गया। दस्तखत
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट
नसीराबाद, जिला-अजमेर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
[आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी]
(Govt. Procedure Code Appendix 'B' Form No. 2)
श्रीमान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश अज अदालत नसीराबाद
इब्राहीम बनाम रामा व अन्य
मदह ....मुदायला..........दावा बाबत..........
मुकदमा नं. 76 सन् 2018 बनाम श्रीमती सलमा
मुसम्मी.....W/o मीरा कासम कौम चीता साकीन नई मस्जिद रातीडांग परगना अजमेर चूंकि प्रार्थी ने अदालत में तारीख ... माह....सन....को एक 1 बनाम 3....को जो बाद फौत हो गया और चूंकि ...मजकूर ने दरख्वास्त अदालत हाजा में जाहिर करके की है कि आप मुतबफ्फी.....और मजकूर को कायम मुकाम जायज हो और इल्मजा की है कि बजाय उसके आप 2...बनाये जाओ। जाहिर वजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.....आपको तारीख 01/10/24 माह 10 सन् 24 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकरर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 03/09/24 को जारी किया गया। दस्तखत
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट
नसीराबाद, जिला-अजमेर

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री संजय बिस्वास पुत्र श्री हीरालाल चन्द बिस्वास की एक जायदाद, क्षेत्रफल 183.0 वर्गगज, वाकै शक्ति नगर, ग्राम किरानीपुरा, तहसील व जिला अजमेर में स्थित है जो मेरे मुवक्किल को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18.06.2024 को सुश्री राधिका पमनानी पुत्री श्री छांगोमल से खरीद की। जिस वर्णित जायदाद को पूर्व में सुश्री राधिका पमनानी ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.12.1999 से श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री बालकिशन शर्मा बहैसियत मुख्तयारआम श्री डी.एन. खेडा पुत्र श्री करमचंद खेडा एवं श्रीमती आशा पत्नी श्री सुखसागर जी से खरीद किया था। जो जायदाद पूर्व में श्री डी.एन. खेडा एवं श्रीमती आशा ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.11.1988 से श्री जंवरीलाल पुत्र श्री छोगा से खरीद किया था। जो असल विक्रय पत्र दिनांक 05.11.1988 एवं मुख्तयारनामा आम दिनांक 02.08.1994 पूर्व में ही गुम/मिसप्लेस हो गये थे। उक्त गुम/मिसप्लेस दस्तावेजो बाबत् पूर्व में दिनांक 18.06.2022 को पुलिस रिपोर्ट करवा दी गई है एवं जायदाद के टाईटल बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई उज्र, आपत्ति व एतराज हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर निम्न पते पर व्यक्तिगत रुप से अथवा लिखित में प्रकट करें अन्यथा इस दस्तावेज की फोटोप्रति/प्रतिलिपि मूल के रूप में रहन के काम में ली जाएगी तथा बाद में कोई आपत्ति अमान्य करार होगी।
अनिल शर्मा एडवोकेट
32, यू.आई.टी. क्वार्टर, शास्त्री नगर,
अजमेर मो. 9414010765

'प्रभु भक्ति से ही आत्मा का कल्याण'

अजमेर, (कासं)। श्रीराम सेवा समिति कोटडा के तत्वाधान में फ्लोरेन्स अपार्टमेन्ट के सामने प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर परिसर में श्राद्धपक्ष में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में तीसरे दिन कथावाचक दिनेश गुरु ने भक्त ध्रुव का चरित्र सुनाया व ध्रुव ने किस प्रकार से 5 वर्ष की आयु में भगवान को प्राप्त किया का विस्तार से वर्णन कर समझाया तथा शिव सती चरित्र का वर्णन बताया। कथावाचक दिनेश गुरु ने प्रवचन देते हुए भक्तों से कहा कि प्रभु भक्ति से ही आत्मा का कल्याण हो सकता है। कथा के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को पितृ तर्पण का आयोजन होगा।

लालवानी ने बताया कि रविवार को कथा में प्राचीन आगरा गेट गणेश मंदिर महंत घनश्याम दास दाधीच ने व्यास पीठ का पूजन कर भक्तों को शुभ आशीर्वचन प्रदान किए। कथा प्रतिदिन दोपहर 5 से 7 बजे तक आयोजित की जा रही है। यादव ने बताया कि पितृपक्ष में होने वाली कथा से हमारे पूर्वज व पितरों को शांति प्राप्त होती है।

मस्ती की पाठशाला तथा कैरम शतरंज प्रतियोगिता सम्पन

अजमेर, (कासं)। महाराजा श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे नौ दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन अग्रवाल पाठशाला सभा भवन में 29 सितंबर रविवार को महिला सांस्कृतिक प्रतियोगिता, मस्ती की पाठशाला व कैरम, शतरंज व एथलेटिक्स तथा ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अग्रसेन जयन्ती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी व सुनील गोयल ने बताया कि रविवार को दोपहर 2:30 बजे से अग्रवाल पाठशाला सभा भवन में संगीता मित्तल व प्रिया बंसल के संयोजन में विभिन्न आयु वर्ग में महिला सांस्कृतिक प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संतोष गर्ग, बेला गर्ग व श्रीमती निकिता गर्ग थी त प्रतियोगिता में श्रेणी अ में 1 से 6 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए विचित्र वेशभूषा इमोजी बनो, श्रेणी ब 7 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए विचित्र वेशभूषा (कार्टून करेक्टर बनो), नृत्य नाटिका व नृत्य मित्रता, श्रेणी स 15 से 30 वर्ष की बालिकाओं व महिलाओं के लिए स्वेच्छा से सभी प्रकार के नृत्य, नाटिका - मारवाड़ी भाषा में स्टैंड अप कॉमेडी, श्रेणि द 31 से 45 वर्ष तक की बालिकाओं व महिलाओं के लिए नृत्य व नाटिका - नारी सम्मान व सुरक्षा पर, नाटिका-किट्टी के विभिन्न आईडिया तथा श्रेणि य 45 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए शादी के शगुन (सगाई से विदाई तक) आदि प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की गयी जिनमें विजेताओं को मुख्य अतिथि संतोष गर्ग, बेला गर्ग व निकिता गर्ग तथा अग्रवाल महिला समिति की पदाधिकारियों ने आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत रविवार को ही प्रात: 7 बजे से हीं मस्ती की पाठशाला में समाज के सभी आयु वर्ग के बालक व बालिकाओं नें विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर मस्ती की।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सैंपा

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के करीब 10 माह के शासन में जनहित में कोई भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, प्रदेश की जनता अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते महिला अत्याचार बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली पानी का संकट एवं माफिया राज से बुरी तरह त्रस्त है।

कांग्रेस पार्टी आमजन की उपरोक्त समस्याओं तथा तकलीफ में उनके साथ खड़ी है, आमजन की समस्याओं को प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेसजन का कर्तव्य है। इसी क्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर मंगलवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रात: 11बजे कांग्रेस कार्यकर्ता ज्योतिबा फूले सर्किल पर एकत्रित होंगे,जहाँ से विरोध प्रकट करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे और राजस्थान की विफल भाजपा सरकार के विरुद्ध जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

जिले के सरकारी कार्यालयों में चला सफाई अभियान

भीलवाड़ा, (निसं.)। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार रविवार को स्वच्छता पखवाड़े के दौरान जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य आम जनता और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना था। इसी के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी कर्मचारियों ने कार्यालय के विभिन्न हिस्सों, अनुभाग, कॉरिडोर और परिसर में सफाई की। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा ने इस दौरान सफाई अभियान का जायजा लिया। उन्होंने स्वयं कॉरिडोर में सफाई भी की। अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अनावश्यक सामग्री के निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यालय के रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित रूप से संधारण के संबंध में निर्देशित किया गया।

- **अतिरिक्त जिला कलक्टर ने इस दौरान सफाई अभियान का जायजा लिया**

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि सफाई हमारे स्वभाव में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारे स्वभाव में स्वच्छता आ जाती है, तो वह धीरे-धीरे संस्कार का रूप ले लेती है। उन्होंने यह भी कहा कि सफाई का यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी से अभियान को सफल बनाने की बात कही। यह अभियान न केवल कार्यालयों की सफाई पर केंद्रित था, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना था कि आम जनता को भी स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिले। इस तरह के अभियानों से समाज में स्वच्छता की महत्ता के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद मिलती है और लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझने का अवसर मिलता है।

'शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है जो मानव जीवन और समाज की तस्वीर बदल सकता है'

प्रतिभा सम्मान सामारोह में मुस्लिम समाज की 350 से अधिक प्रतिभायें सम्मानित

अजमेर, (कासं)। मुस्लिम एज्यूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी जिला अजमेर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुस्लिम समाज की 350 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है जो मानव जीवन और समाज की तस्वीर बदल सकता है इसलिए हम सबको अपने बच्चों को आल तालीम दिलानी चहिए।

संस्था के आरिफ हुसैन ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम कोम की जिलेभर की प्रतिभाएं जिन्होंने 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक ग्रेज्यूएशन पोस्ट ग्रेज्यूएशन में 70 प्रतिशत और डिप्लोमा में 70 प्रतिशत, खेल में जिला स्तर पर विजेता और उपविजेता राज्य राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले तथा जिन युवाओं की सरकारी नौकरी लगी, भामाशाहों को जिन्होंने प्रोग्राम में योगदान दिया है, इन सभी को मोमेंटो, प्रमाण पत्र देकर हौसला अफजाई की गई और सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में एमडी चोपदार अध्यक्ष मदरसा बोर्ड, डॉक्टर खानु खान बुधवाली अध्यक्ष वक्फ बोर्ड, नसीम अख्तर इंसाफ पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री, आईपीएस मेहमूद खान, सैयद सरवर चिश्ती सचिव अंजुमन सैयद जादगान, शेखजादगान अजीम मोहम्मद चिश्ती, हाजी गोस मोहम्मद विकास ट्रांसपोर्ट, समाजसेवी चांद मुहम्मद शेख ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के युवाओं को तालीम के क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी। समाज की बालिका तो शिक्षा के क्षेत्र में अपने झंडा बुलंद कर रही हैं, लेकिन युवा इसमें पिछड़ता जा रहा है। मां-बाप को अब बालिका शिक्षा के साथ-साथ अपने लड़कों को भी पढ़ाई के क्षेत्र में आगे लाने के लिए सख्ती करनी होगी।

कार्यक्रम में आरिफ हुसैन, तेजाद खान, हाजी मेहमूद खान, रियाज़ अहमद मंसूरी, उमर दराज खान, नवाब हिदायत उल्ला, यासीन खान सिलावट, मोहम्मद अकरम सिद्दीकी, मोहम्मद असलम अली खंडेला, मोहम्मद शरीफ अब्बासी, मोहम्मद अलीमुद्दीन, सैयद गफ्फार हुसैन काजमी, इफ्तेखार हुसैन सिद्दीकी, मुश्ताक अहमद हाशमी, मुंसिफ अली खान, अब्दुल रऊफ खान, साहिल हुसैन, मोहम्मद खालिद खानपुरा, सैयद इजहार हुसैन तारागढ़, मोहम्मद हनीफ खान, मोहम्मद फरीद छिपा , मोहम्मद इस्लाम किशनगढ़, हसन अनवर शरीफ नसीराबाद, इमामुद्दीन मंसूरी मसूदा, मोहम्मद अली, शेर मोहम्मद, पीसांगन, गुलाम मुस्तफा कुरैशी गोबिंदगढ़, आबिद अली देशवाली विजयनगर, मोहम्मद सिराज, इकरामुद्दीन खान चौहान रामसर, मुफ्ती मोहम्मद इकबाल वारसी रसूलपुरा, शाहिद खान देशवाली कुचील आदि सदस्य शमिल रहे।

- **समारोह में एमडी चोपदार अध्यक्ष मदरसा बोर्ड, डॉक्टर खानु खान बुधवाली अध्यक्ष वक्फ बोर्ड, नसीम अख्तर इंसाफ पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री आदि मौजूद रहे**
- **मुस्लिम एज्यूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी जिला अजमेर द्वारा आयोजित**

कलशाभिषेक क्षमावाणी महामहोत्सव

अजमेर, (कासं)। 1008 श्री पल्लीवाल दिगम्बर जैन मंदिर पालबिचला के वार्षिक कलशाभिषेक और क्षमावाणी महामहोत्सव का आयोजन सोमवार 30 सितंबर को किया जाएगा। धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सधर्मी बंधु शिरकत करेंगे।

अशोक जैन ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम दोपहर 3 बजे मंदिर में शुरू होगा। सधर्मी बंधु गाजेबाजे के साथ कलशाभिषेक के लिए जलधारा लेने आर्यनगर स्थित जलकुंप जाएंगे और वहां से हर्षोल्लास के साथ समाज के पुण्यार्जक परिवार के सदस्य पारंपरिक परिधान में जलधारा लेकर मन्दिर जी पहुंचेंगे। कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य विजय जैन ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम में संगीत की स्वर लहरियों के बीच श्रीजी के कलश किए जाएंगे

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
अजमेर, मदनगंज कृष्णगढ़, 111760700023756, 3761, 3767, 3783, 3812, 3824, 3826, 111760730063699, 3734, 3743, 3787, 111760750000004, पीआर मार्ग अजमेर, 125030700014770, 125030730030588, रामगंज अजमेर, 111700700021613, 1614, 111700730032091, 2357, 2391, 111700750000006, ब्यावर, ब्यावर, 135510730041375, भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 116480700019587, 9718, 9720, 9723, 116480730018809, 8856, 9008, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 116360700018766, 8787, 8809, 8819, 8846, 8852, 116360730017208, 116360750000002, सुभाष नगर भीलवाडा, 116390700025798, 5818, 5840, 5851, 5889, 5900, 5909, 5914, 116390730037956, 8021, 8024, 8050, 8165, 8219,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
बोर्ड पूरक परीक्षा 2024 के प्रलेख भिजवाने एवं बोर्ड परीक्षा 2025 के आवेदन पत्र मंगवाने बाबत् समस्त नोडल केन्द्रों/शालाओं के सूचनार्थ

बोर्ड पूरक परीक्षा 2024 के समस्त परीक्षाओं के प्रलेख नोडल केन्द्रों पर भिजवाने एवं बोर्ड परीक्षा 2025 के **आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी** बोर्ड कार्यालय में मंगवाने हेतु दिनांक 30.09.2024 को वाहन रवाना किये जायेगें। अत: समस्त शाला प्रधान/केन्द्राधीक्षक संबंधित नोडल केन्द्रों से अपने प्रलेख प्राप्त कर लेवें। सचिव